# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–19.03.2025 (संध्या–1900 बजे)
## मुख्य समाचार

- **विधानसभा में जल संसाधन विभाग की अनुदान मांग ध्वनिमत से पारित, नेता प्रतिपक्ष ने एसपीटी एक्ट की समीक्षा के लिए गठित समिति में कानून विशेषज्ञों को शामिल करने का दिया सुझाव।**
- **राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से की मुलाकात, राज्य की विकास योजनाओं और वर्तमान विधि–व्यवस्था पर की चर्चा।**
- **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गढ़वा में दो दिवसीय राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव का किया उदघाटन, राज्य की कला संस्कृति के संरक्षण–संवर्द्धन पर दिया जोर।**
- **भारतीय ज्ञान परंपराएं और सतत संपर्क दृष्टि पर केन्द्रीय विश्वविद्यालय झारखंड में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन, चाईबासा में दो दिवसीय विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम की शुरुआत।**
- **रांची में चल रही राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग के अंतिम चरण के मैच में मेजबान झारखंड ने बंगाल को एक के मुकाबले तीन गोल से किया पराजित।**

*******************

विधानसभा में बजट सत्र के 13वें दिन भोजनावकाश के बाद सदन ने वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए जल संसाधन विभाग की 19 अरब, 11 करोड़ 71 लाख रुपये की अनुदान मांग चर्चा के बाद ध्वनिमत से पारित दिया। इससे पहले मंत्री दीपक बिरूवा ने एक ध्यानाकर्षण सवाल के जवाब में कहा कि संताल परगना में एसपीटी एक्ट के उल्लंघन के मामले में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कमिटी बनाकर जांच की जाएगी और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इससे पहले नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि संताल परगना में एसपीटी एक्ट के उल्लंघन की जांच के लिए प्रमंडलीय आयुक्त की अध्यक्षता में छह सदस्यीय कमिटी बनायी गयी है, जिसमें कानून के जानकार के साथ–साथ जन प्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाना चाहिए।

*******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने श्री शाह के साथ राज्य की विकास योजनाओं और वर्तमान विधि–व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की। मौके पर राज्यपाल ने राज भवन पत्रिका की प्रति केंद्रीय गृह मंत्री को भेंट की।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज गढ़वा जिले के श्री बंशीधर नगर में दो दिवसीय राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव का उदघाटन किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने बंशीधर मंदिर जाकर बाबा बंशीधर की पूजा–अर्चना की और राज्य वासियों की सुख, समृद्धि, शांति, खुशहाली और उन्नति की कामना की। मौके पर मुख्यमंत्री ने करीब एक सौ तिरासी करोड़ रुपये की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास भी किया।

*******************

भारतीय ज्ञान परंपराएं और सतत संपर्क दृष्टि पर रांची स्थित केन्द्रीय विश्वविद्यालय में आज से दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार की शुरुआत हुई। केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड के सहायक प्राध्यापक डॉ विभूति भूषण विश्वास ने बताया कि सेमिनार का मुख्य उद्देश्य दक्षिण पूर्वी देशों के बीच आपसी समन्वय स्थापित करना है।

*******************

भारत सरकार के खेलकूद एवं युवा मामलों के मंत्रालय की ओर से चाईबासा महिला कॉलेज में आज से दो दिवसीय विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम की शुरूआत हुई। कॉलेज की डॉक्टर अर्पित सुमन ने बताया कि

इस कार्यक्रम के माध्यम से 10 प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा, जिन्हें राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होने का मौका मिलेगा।

*******************

रामगढ़ जिले की महिलायें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरक बातों से प्रभावित होकर हर क्षेत्र में मिसाल कायम कर रही हैं।

*******************

रांची के लालगुटवा स्थित भारतीय वन उत्पादकता संस्थान में आज किसानों की आमदनी बढ़ाने, पर्यावरण और जलवायु के संरक्षण को लेकर वृक्ष उत्पादक मेला का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजीव कुमार ने कहा कि आज जलवायु परिवर्तन वैश्विक समस्या है, जिसका एकमात्र समाधान वृक्षारोपण ही है।

*******************

**अब संक्षिप्त खबरें**

- खूंटी जिले में अवैध अफीम के खिलाफ लगातार कार्रवाई करते हुए लगभग 449 किलो डोडा जब्त किया है।
- हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र के दनुआ घाटी में आज हुई सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि सात अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

*******************

रांची में चल रहे राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग के अंतिम चरण के मुकाबले में आज मेजबान झारखंड ने बंगाल को एक के मुकाबले तीन गोल से पराजित किया। इससे पहले आज खेले गये अन्य मुकाबलों में हॉकी ओडिसा ने हॉकी महाराष्ट्र को एक गोल से, जबकि मणिपुर ने हॉकी मध्य प्रदेश को दो गोल और हरियाणा ने मिजोरम को एक मुकाबले दो गोल से हरा दिया।

*******************

राजधानी रांची समेत राज्यभर के मौसम में उतार—चढ़ाव का दौर जारी है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केन्द्र के पूर्वानुमान के अनुसार कल से तेइस मार्च तक राज्य के कई हिस्सों में गरज के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है।

*******समाप्त********